“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्लीः आषाढ़ 16, 1944
बृहस्पतिवारः 07 जुलाई 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह रक्षा संबंधी संसदीय सलाहकार समिति को अग्निपथ के बारे में 11 जुलाई को जानकारी देंगे

रक्षा संबंधी संसदीय सलाहकार समिति की बैठक नई दिल्ली में 11 जुलाई 2022 को आयोजित की जाएगी। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह हाल ही में शुरू की गई अग्निपथ योजना के विभिन्न पहलुओं के बारे में समिति के सदस्यों को जानकारी देंगे। अब से तीनों सेनाओं में सैनिकों की भर्ती इस योजना के माध्यम से की जाएगी।

बैठक में रक्षा सचिव, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के उपस्थित रहने की संभावना है।

एबीबी/डीके/आरपी/डीएस